खेतान परिवार झुंझुनूं पहुंचा, तुलस्यान निवास पर हुआ स्वागत

(स्टेटमेन्ट संवाददाता)

झुंझुनूं। झुंझुनूं निवासी मुंबई प्रवासी अशोक खेतान सुपुत्र स्वर्गीय ओमप्रकाश खेतान, सुपौत्र स्वर्गीय सीताराम खेतान झुंझुनूं प्रवास के दौरान अपने पुत्र अक्षत खेतान, पुत्रवधू साक्षी खेतान के साथ चूणा चौक आशीर्वाद पैलेस स्थित तुलस्यान निवास पर आए। जहां उनका श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था की ओर से केशरदेव तुलस्यान, डॉ. डीएन तुलस्यान, स्नेहलता तुलस्यान, नेहा तुलस्यान एवं त्रिषा तुलस्यान द्वारा उनका साफा एवं दुपट्टा ओढ़ाकर श्रीराम मंदिर अयोध्या का प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत अभिनंदन किया गया।

एयू कॉरपोरेट एडवाइजरी एंड लीगल सर्विसेज (एयूसीएल) के संस्थापक अक्षत खेतान ने बताया कि लोगों को घोटालेबाजों के कारण करोड़ों का नुकसान हो रहा है, के बारे में बताया कि अनजान कॉल को सावधानी से उठाएं। यदि आपको कोई संदिग्ध कॉल आती है, तो तुरंत कॉल काट दें और वापस कॉल करने का प्रयास करें। ज्यादातर मामलों में जालसाजों के नंबर कनेक्ट नहीं होंगे। किसी भी संदिग्ध गतिविधि के मामले में, तुरंत कॉल काट दें और वापस कॉल करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि शिक्षित रहें जागरूकता रक्षा की पहली पंक्ति है। नवीनतम साइबर